EDITORIAL

# EMPLOYEE'S ASPIRATIONS IN A CHANGING ENVIRONMENT

After the general elections, there has been a slight change in the national political environment. The old political party has returned to power, but a new minister has taken charge of the Department of Telecommunications. Honourable Shri Jyotiraditya Scindia ji has taken charge of the Ministry of Communications. People have developed a trust in his efficient leadership and working style. Shri Robert Ravi Gerard has taken charge as the Chairman and Managing Director of our BSNL. Shri Robert is a highly technical expert and has mastered in telecommunication technology. Due to his ability in the field and quick decision-making ability, a new enthusiasm has been generated among the all employees in BSNL.

It is worth noting that after 78649 employees left this enterprise in the name of voluntary retirement in January 2020, the condition of the company has been deteriorated. This happened because under the leadership of the former head of management, Shri PK Purwar, BSNL was thrown out under the Voluntary Service Scheme without preparing a road map for the future. After the complete implementation of this scheme, a vacuum was created in the company. All the services became uncontrolled and unorganized. The suggestions of the workers' organizations were ignored and the company's responsibilities were arbitrarily neglected. Instead of developing human resources, they were severely harassed. The employees of this service providing company, which is run in accordance with the policies of the government and the top management, have been deprived of the third pay revision to employees.

It is known that the employees of BSNL are working on the pay scale fixed on 01.01.2007. As far as other facilities are concerned, they have not been increased after 2007. Under the provision of the Department of Public Enterprises, the pay scale of the employees should have been revised from 01.01.2017, but in the name of the company not earning profit, the employees have been deprived of this basic right. The result of this is that today more than 50% of the non- executive employees are deprived of annual salary hike year after year.

As far as the promotion policy of employees is concerned, it has become irrelevant as of today. Despite the workers' union constantly raising questions, let alone resolving these issues, there is a complete deadlock on this. In the name of restructuring of the organization and distribution of manpower, workers of each cadre have been declared surplus in more than half of the circles. As a result, promotion related examinations for any cadre are not being conducted in those circles. The future of qualified, young and educated workers is hanging in the sky.

In this context, the employees are excited in the new changing environment and they hope that the newly appointed management head and the Honourable Communications Minister will take these issues seriously and take immediate steps in the interest of human resource development. One of the main reasons for the decrease in revenue collection in BSNL is the delay in installation of 4G/5G equipment. It is true that in the year 2005 this company had achieved the top position in the field of mobile services, but due to government policies, the company lagged behind in this field due to the hindrance in getting the equipment on time and lack of proper equipment and in the present situation the market share of the company has become negligible. Private companies arbitrarily increased the service rates for the consumers to earn huge money but BSNL provides services at reasonable rates. Recently private sector companies increased the service charges, due to which the consumers have

turned heavily towards BSNL and the sale of mobile SIMs has increased unexpectedly. This is a good news.

It is also a matter of pride that in accordance with the policies of the government, BSNL is moving towards providing 4G/5G services using indigenous equipment. After success in this effort, India will achieve self-reliance in the telecom sector. But for this, BSNL employees have to pay a heavy price. Employees are worried due to rising inflation and decreasing purchasing power. It is a natural truth that employees cannot provide good service while going through difficult times. Internationally, all organizations have repeatedly said that to increase the quality of work style of workers, facilities should be provided as per their needs.But BSNL employees are going through a period of acute shortage. The common employees are frustrated due to the lack of salary revision, stagnation, lack of promotion, indefinite ban on compassionate appointments, non-conduct of competitive examinations. In such a situation, better service cannot be expected from the employees.

In this context, the announcement of the Honourable Communications Minister that one lakh twenty-four thousand towers of 4G/5G will be started in rural areas and towns by March 2025. And in the second phase, towers will be installed at a rapid pace in urban areas. In the new situation, the matter of handing over the mobile services of metropolitan Delhi and Mumbai to BSNL is also pleasant. This is likely to increase the revenue of the company immensely. Currently, the Government of India has issued a notification for monetization of BSNL's assets, but this monetization will be done by the Finance Ministry. Due to which BSNL will be deprived of the revenue received. Whereas at the time of formation of BSNL it was announced by the Government that the telecom services and all the assets under the telecom operations being converted into the Corporation would be transferred to it, the situation has turned out to be somewhat different.

The employees opted from DOT to BSNL were recruited by the Government of India and some employees were recruited by the corporation. In the present situation, the future of both types of employees is uncertain. In these circumstances, a silver line is visible among the employees in the new changing environment and the employees hope to bring rapid speed in human resource development along with the rapid development of BSNL under the able leadership of the Honourable Telecom Minister and the Honourable Chairman and Managing Director. Meanwhile, all of us employees pledge that we are determined to increase the market share of BSNL in the mobile sector by 25 percent. We should show determination towards this.

**संपादकीय**

# बदलते परिवेश में कर्मचारियों की आकांक्षाएं

आम चुनाव के बाद राष्ट्रीय राजनीतिक परिवेश में थोड़ा बदलाव हुआ है। पुनः पुरानी राजनीतिक दल ही सत्ता में वापस आई है, परंतु दूरसंचार विभाग के लिए नए मंत्री ने पदभार ग्रहण किया है। मान्यवर श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया जी ने संचार मंत्रालय का पद भार ग्रहण किया है। उनके कुशल नेतृत्व एवं कार्यशैली के प्रति लोगों में एक विश्वास का सृजन हुआ है। हमारे बीएसएनएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के पद पर श्री रॉबर्ट रवि जेरार्ड ने पदभार ग्रहण किया है। श्री रॉबर्ट एक अत्यंत तकनीकी विशेषज्ञ हैं और दूरंसचार तकनीक में इन्हें महारत हासिल है। कार्यक्षेत्र में इनकी चुस्ती एवं त्वरित निर्णय लेने की क्षमता के कारण आम कर्मचारियों के बीच एक नए उत्साह का संचार हुआ है।

ज्ञातव्य है कि जनवरी 2020 में स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति के नाम पर 78649 कर्मचारियों को इस उपक्रम से बाहर हो जाने के बाद कंपनी की हालत जर्जर हो गई है। ऐसा इसलिए हुआ कि प्रबंधन के पूर्व मुखिया श्री पी के पुरवार के नेतृत्व में बिना भविष्य के लिए रोड मैप तैयार किये हुए बीएसएनएल में स्वैच्छिक सेवा योजना के तहत बाहार किया गया। इस योजना के पूर्णतः लागू होने के बाद कंपनी में शून्यता पैदा हो गई। सारी सेवाएं अनियंत्रित एवं अवस्थित हो गई। श्रमिक संगठनों के सुझावों को दरकिनार करते हुए मनमाने ढंग से कंपनी के दायित्वों की पूर्ति में अवहेलना बरती गई। मानव संसाधन के विकास के जगह, उन्हें गंभीर रूप से प्रताड़ित किया गया। इस सेवा प्रदान करने वाली कंपनी जो सरकार की नीतियों एवं सर्वोच्च प्रबंधन की नीतियों के अनुरूप संचालित होती है, के कर्मचारियों को तृतीय वेतन पुनरीक्षण से वंचित रखा गया है।

ज्ञातव्य है कि बीएसएनएल के कर्मचारी 01.01.2007 को निर्धारित वेतनमान पर कार्यरत हैं। जहां तक अन्य सुविधाओं का सवाल है वह 2007 के बाद नहीं बढ़ाई गई है। लोक उपक्रम विभाग के प्रावधान के तहत कर्मचारियों का वेतनमान 1.1. 2017 से पुनपरीक्षित होना चाहिए था, परंतु कंपनी के लाभ नहीं कमाने के नाम पर कर्मचारियें को इस मूलभूत अधिकार से वंचित रखा गया है। इसका परिणाम यह हुआ है कि आज 50% से अधिक अकार्यपालक कर्मचारी वार्षिक वेतन बढ़ोतरी से वर्ष दर वर्ष से वंचित हैं। जहां तक कर्मचारियों की पदोन्नति नीति का सवाल है वह आज के तारीख में अप्रासंगिक हो चुका है। श्रमिक संगठन के लगातार सवाल उठाते रहने के बावजूद इन मुद्दों का निराकरण तो दूर की बात है, इस पर पूर्णतः गतिरोध बना हुआ है। संगठन के पुनर्गठन तथा श्रम शक्ति वितरण के नाम पर आधे से अधिक परिमंडल में प्रत्येक संवर्ग के श्रमिकों को आवश्यकता से अधिक घोषित कर दिया गया है। फलतः किसी भी संवर्ग के लिए पदोन्नति संबंधित परीक्षाएं उन परमिंडल में संचालित नहीं किया जा रहे हैं। योग्य युवा एवं शिक्षित श्रमिकों का भविष्य अधर पर लटका हुआ है।

इस परिपेक्ष में नए बदलते हुए परिवेश में कर्मचारी उत्साहित हैं और उन्हें आशा है कि नवनियुक्त प्रबंधन प्रमुख एवं माननीय संचार मंत्री द्वारा इन मुद्दों को गंभीरता से लिया जाएगा तथा मानव संसाधन विकास के हित में त्वरित कदम उठाए जाएंगे। बीएसएनएल में राजस्व उगाही में कमी के कारणों में 4जी/5जी उपकरणों के संस्थापन में विलंब होना प्रमुख कारण है। यह सत्य है कि वर्ष 2005 में यह कंपनी मोबाइल सेवा के क्षेत्र में सर्वोच्च स्थान प्राप्त कर चुकी थी, परंतु सरकार की नीतियों के कारण समय पर उपकरणों को प्राप्त करने में रूकावट एवं उचित साजो–सामान के अभाव में कंपनी इस क्षेत्र में पिछड़ती गई और वर्तमान स्थिति में कंपनी का बाजार हिस्सा नगण्य हो चुका है। निजी कंपनियों द्वारा अकूत धन कमाने के लिए उपभोक्ताओं से मनमाने ढंग से सेवा दर बढ़कर वसूली की जाती है परंतु बीएसएनएल वाजिब देर पर सेवाएं मुहैया कराती है। अभी हाल में निजी क्षेत्र के कंपनियों ने सेवा शुल्क बढ़ाया, इसके वजह से उपभोक्ताओं का भारी रूझान बीएसएनएल के प्रति बढ़ा है और अप्रत्यशित रूप से मोबाइल सिम की बिक्री बढ़ी है। यह एक सुखद समाचार है।

यह भी एक गौरव का विषय है कि सरकार की नीतियों के अनुरूप बीएसएनएल स्वदेशी उपकरणों के उपयोग से 4जी/5जी की सेवाएं देने की ओर अग्रसर हो रही है। इस प्रयास में सफलता के बाद दूरसंचार क्षेत्र में भारत स्वावलंबन प्राप्त कर लेगा।

परंतु इसके लिए बीएसएनएल के कर्मचारियों को भारी मूल्य चुकाना पड़ा है। कर्मचारी बढ़ते हुए महंगाई एवं घटते क्रय शक्ति के कारण परेशान हैं। यह एक प्राकृतिक सत्य है कि कठिनाई के दौर से गुजरते हुए कर्मचारी उत्तम सेवा नहीं दे सकते हैं। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सभी संगठनों ने बार–बार कहा है कि श्रमिकों की कार्यशैली की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए उनके जरूरत के अनुरूप सुविधाएं मुहैया करनी चाहिए। परंतु बीएसएनएल के कर्मचारी घोर अभाव के दौर से गुजर रहे हैं। कर्मचारियों के वेतन पुनरीक्षण, स्टैग्रेशन, पदोन्नति का अभाव, अनुकंपा आधारित नौकरी पर अनिश्चितकालीन रोक, प्रतिस्पर्धा की परीक्षाएं आयोजित नहीं होने की स्थिति में आम कर्मचारी कुंठित हैं। ऐसे में कर्मचारियों से बेहतर सेवा की उम्मीद नहीं की जा सकती है।

इस परिपेक्ष में माननीय संचार मंत्री की यह उद्घोषणा की 4जी/5जी के एक लाख चौबीस हजार टावर ग्रामीण क्षेत्रों में कस्बों में मार्च 2025 तक चालू कर दिए जाएंगे तथा दूसरे चरण में शहरी क्षेत्र में त्वरित गति से टावर लगाए जाएंगे। नई स्थिति में महानगर दिल्ली एवं मुंबई के मोबाइल सेवाओं को बीएसएनएल को सुपुर्द करने की बात भी सुखद है। इससे कंपनी के राजस्व में अकूत वृद्धि होने की संभावना है। अभी भारत सरकार ने बीएसएनएल के परिसंपत्तियों का मुद्रीकरण की अधिसूचना जारी की है परंतु यह मुद्रीकरण वित्त मंत्रालय द्वारा किया जाएगा। जिससे प्राप्त राजस्व में बीएसएनएल वंचित रहेगा जबकि बीएसएनएल के शुभारंभ के वक्त सरकार ने यह घोषणा की थी कि दूरसंचार सेवाएं एवं दूरसंचार परिचालन जो निगम में परिवर्तित किया जा रहे हैं उनके अधीनस्थ समस्त परिसंपत्तियों को हस्तानांतरित कर दिए जाएंगे, परंतु स्थिति कुछ दूसरे की बढ़ चुकी है।

बीएसएनएल में समाहित कर्मचारी भारत सरकार के द्वारा भर्ती किए गए थे और कुछ कर्मचारियों को निगम ने भर्ती किया है। वर्तमान स्थिति में दोनों तरह के कर्मचारियों का भविष्य अंधेर में है। इन परिस्थितियों में नए बदलते परिवेश में कर्मचारियों के बीच एक रजत रेखा दृष्टिगत हो रही है और कर्मचारी माननीय दूरसंचार मंत्री तथा माननीय अध्यक्ष एवं प्रबंधन निदेशक के कुशल नेतृत्व में बीएसएनएल के त्वरित विकास के साथ मानव संसाधन विकास में भी त्वरित गति लाने क आशा रखते हैं। इस बीच हम सभी कर्मचारी इस बात का संकल्प लेते हैं कि बीएसएनएल के बाजार हिस्सा का मोबाइल क्षेत्र में 25 प्रतिशत वृद्धि करने के लिए कृत संकल्प हैं। इसी के प्रति संकल्व दिखाना चाहिए।